हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 26 अक्टूबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

2 13 हाथियों का दल पहुंचा तारा-जनार्दनपुर मुख्य मार्ग पर, मची अफरा-तफरी



## खबर संक्षेप

### विधायक ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**सोनहत।** भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत पुसला, बसेर, कछार और दामूज में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों में सीसी सड़क निर्माण, दुर्गा पूजन पंडाल, शेड निर्माण सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। ग्राम पंचायत पुसला में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं और आसपास के ग्रामों से आए जनप्रतिनिधियों की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीमती सिंह ने ग्रामीणों से आत्मीय भेंट कर उनका हालचाल जाना और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर जनपद सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी, ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव, भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, सखी समूह की महिलाएं सहित काफी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### खड़गवां सीएचसी को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र



**बैकुंठपुर।** छग के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई उपलब्धि दर्ज करते हुए सरगुजा संभाग का पहला आईएसओ प्रमाणित कोल्ड चेन प्वाइंट बनने का गौरव मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां ने हासिल किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के गृह ग्राम खड़गवां में उनके सतत प्रयासों और दिशा-निर्देशों के परिणाम स्वरूप संभव हुई है। वहीं इस सफलता के पीछे सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे के कुशल मार्गदर्शन और स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम की निरंतर मेहनत का अहम योगदान रहा। कोल्ड चेन प्वाइंट खड़गवां को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की आवश्यकताओं के पूर्ण अनुपालन में पाया गया है, जिसके चलते इसे आईएसओ सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया है। यह प्रमाण पत्र स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रबंधन, पारदर्शिता और दक्षता का प्रतीक माना जा रहा है।

### एमसीबी की पहली महिला एसपी होंगी रतना

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के गृह (पुलिस) विभाग द्वारा जारी आदेश



अनुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले को उसकी स्थापना के बाद पहली बार महिला पुलिस अधीक्षक मिली हैं। सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में पदस्थ श्रीमती रतना सिंह (भापुसे-2019) को एमसीबी जिले की नई पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। एमसीबी जिले के पुलिस इतिहास में यह नियुक्ति एक ऐतिहासिक क्षण है। श्रीमती रतना सिंह जिले की प्रथम महिला पुलिस कप्तान होंगी, जिनका आगमन जिले में महिला नेतृत्व, सुशासन और सशक्तिकरण का नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। जिले में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा सामुदायिक पुलिसिंग की दिशा में उनका अनुभव और नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वर्तमान पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह का स्थानांतरण कर उन्हें निदेशक, ट्रेनिंग/ऑपरेशन एवं अपीलेशन सेवाएं, नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय रायपुर पदस्थ किया गया है।

### हर पल बना है हादसे का खतरा, सुधार की मांग


# आयुर्वेदिक-होमियोपैथिक अस्पताल जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के नगर पालिका शिवपुर चरचा के अंतर्गत संचालित आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक अस्पताल इन दिनों बदहाल स्थिति में है। अस्पताल की इमारत इतनी जर्जर हो चुकी है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। अस्पताल की छत जगह-जगह से टूटी हुई है और प्लास्टर झड़ने से आए दिन मलबा गिरता रहता है। जिस कक्ष में आयुर्वेदिक चिकित्सक बैठती हैं, वहां की छत बेहद कमजोर हो चुकी है।

डॉक्टर और मरीज दोनों भय के माहौल में इलाज कराने को विवश हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। जैसे ही बारिश होती है, छत से पानी रिसकर अंदर टपकने लगता है और वार्ड में पानी भर जाता है। मरीजों को इलाज के दौरान भींगने से बचने के लिए इधर-उधर खिसकना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों के अनुसार यह समस्या नई नहीं है। लंबे समय से अस्पताल की मरम्मत की मांग की जा रही है। नगर पालिका प्रशासन को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। जांच और मरम्मत का वादा तो किया गया, मगर महीनों बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



जर्जर अस्पताल।

### चरचा क्षेत्र में तीन प्रमुख अस्पताल है संचालित

एसईसीएल अस्पताल, शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र और यह आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक अस्पताल। इनमें यह अस्पताल गरीब और ग्रामीण तबके के लिए सबसे सुलभ और सस्ता इलाज केन्द्र माना जाता है। यहां प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज अपनी छोटी-बड़ी बीमारियों का इलाज कराने आते हैं, परंतु जर्जर छत, दरकी दीवारें और अंदर बनी लगातार नमी से अस्पताल का वातावरण अस्वच्छ और असुरक्षित हो चुका है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने भी नगर पालिका से इस भवन की शीघ्र मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि यह मामला सीधे जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए। चरचा क्षेत्र की जनता ने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि शीघ्र ही अस्पताल की मरम्मत या पुर्ननिर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि क्षेत्र के गरीब मरीजों को सुरक्षित और स्वच्छ चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# बैकुंठपुर में नए नर्सिंग कॉलेज के लिए बनेगा भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- 8 करोड़ 68 लाख की मिली प्रशासकीय स्वीकृति
- मुख्यमंत्री की एक और घोषणा पर लगी मुहर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की एक और महत्वपूर्ण घोषणा को राज्य सरकार ने मूर्तरूप दे दिया है। राज्य बजट में शामिल 9 नवीन नर्सिंग महाविद्यालयों के भवन निर्माण कार्य के लिए 78 करोड़ 15 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। बैकुंठपुर में भी नया नर्सिंग कॉलेज स्थापित किया जाएगा, जिसके भवन निर्माण के लिए 8 करोड़ 68 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के हर युवा को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा मिले और हर जिले में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार हो। उन्होंने कहा कि 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदेश के स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य शिक्षा को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय लिया है, इससे प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा के साथ रोजगार और आत्मनिर्भरता के बेहतर अवसर मिलेंगे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों को प्राथमिकता दे रही है। 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 78 करोड़ 15 लाख रूपए की स्वीकृति इस बात का प्रतीक है कि सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए अवसर सृजन और सेवा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। इस निर्णय से कोरिया जिले सहित प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा प्राप्त होगी और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार होंगे।





### छठघाट की सफाई में जुटे ग्रामीण



**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर के समस्त जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासियों के द्वारा 25 अक्टूबर को भवानी घाट मंदिर स्थित छटघाट पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और घाट परिसर को स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# नहाय-खाय से साथ शुरू हुआ छठ का महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- खरना के बाद आज से शुरु होगा निर्जला व्रत

आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ विधिवत रूप से आरंभ हो गया है। जिलेभर में श्रद्धालु महिलाओं ने पवित्रता और नियमों का पालन करते हुए नहाय-खाय का पर्व मनाया। सुबह से ही बाजारों में पूजन सामग्री, फल, नारियल और लौकी की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। छठ व्रत की शुरूआत के साथ ही शहर के छठ घाटों पर सफाई व सजावट का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। नगर पालिका द्वारा घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। लौकी-चना दाल की सब्जी और अरवा चावल के साथ नहाय-खाय का प्रसाद तैयार किया गया। बाजार में लौकी की जमकर बिक्री हुई। अगले चरण में 26 अक्टूबर को खरना, 27 अक्टूबर को सांझी अर्घ्य और 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय यह लोक आस्था का पर्व संपन्न होगा।



### जोड़ा तालाब में चला सफाई अभियान

आगामी छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए देवरहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे के नेतृत्व में समिति के सभी सदस्यों एवं नगरपालिका के कर्मचारी द्वारा शनिवार को राम मंदिर जोड़ा तालाब परिसर में अंतिम चरण का सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान तालाब परिसर की पूरी साफ-सफाई कर कचरा, जलकुंभी और गंदगी को हटाया गया, ताकि श्रद्धालु आगामी अर्घ्य के अवसर पर स्वच्छ वातावरण में पूजन-अर्चन कर सकें। समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने बताया कि समिति के सदस्य प्रतिवर्ष छठ पर्व से पहले तालाबों की सफाई और सजावट का कार्य करते हैं। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि सभी लोग अपने-अपने स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व की गरिमा बनी रहे।



# शतरंज प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- विजेताओं को मिला 51 हजार नगद, ट्रॉफी और मेडल

जीएचआर रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन एवं कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में छग स्टेट चेस एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त कोरिया जिला शतरंज संघ द्वारा 24 अक्टूबर को बैकुंठपुर के मानस भवन में सरगुजा संभाग स्तरीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े मुख्य अतिथि और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे अध्यक्षता में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर छग स्टेट चेस एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी सरोज वैष्णव, कोरिया जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, आईसेक्ट जिला प्रबंधक नरेश सोनी और शगुफ्ता खानम मंचासीन रहीं। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और जिला संघ को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। अध्यक्ष श्रीमती शिवहरे ने भी फाउंडेशन व संघ की प्रशंसा करते हुए भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया।

प्रतियोगिता में सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, सूरजपुर और जशपुर जिलों से 117 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें 19 अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटिंग धारक रहे। अंतरराष्ट्रीय स्विस लीग प्रणाली के तहत प्रतियोगिता 8 राउंड में संपन्न हुई। इसमें 6 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के खिलाड़ी शामिल रहे। संघ के ⏭ शेष पेज 4 पर




सम्मानित करते विधायक भईयालाल राजवाड़े।



विजेता प्रतिभागी।

### धरती माता बचाओ निगरानी समिति गठित

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उर्वरक खपत की चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिला, अनुविभाग एवं ग्राम स्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति का गठन किया है। जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष कलेक्टर व उपाध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत होंगे। इस समिति में पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त सहकारिता, उर्वरक कंपनी खाद संघ प्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, उप संचालक पशुपालन विभाग, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक एमपी एग्रो, जिला प्रबंधक नाबार्ड को सदस्य व उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को संयोजक बनाया गया है। अनुविभाग स्तरीय समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होंगे।

### 33/11 केवी उपकेन्द्र 2 से बढ़कर 10 हुए, सिंचाई पंप 123 से बढ़कर 2634

**बैकुण्ठपुर।** बीते 25 वर्षों की विकास यात्रा में राज्य ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। कोरिया जिला भी इस यात्रा का सक्रिय सहभागी रहा है। वर्ष 2000 में कोरिया जिले में विद्युतीकृत सिंचाई पंपों की संख्या मात्र 123 थी, जो अब बढ़कर 2634 हो गई है। विद्युतीकृत गांवों की संख्या 157 से बढ़कर 217 तक पहुंच गई है। प्रति व्यक्ति वार्षिक बिजली खपत भी वर्ष 2000 में 82 यूनिट से बढ़कर 142 यूनिट हो गई है। ग्रामीण अंचलों में विद्युत आपूर्ति के विस्तार से खेती-किसानी और दैनिक जीवन में बड़ा बदलाव आया है। ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या 2000 में 5 हजार 420 थी, जो अब बढ़कर 42 हजार 465 तक पहुंच गई है। वहीं शहरी उपभोक्ताओं की संख्या 1300 से बढ़कर 6500 हो गई है। वहीं एकल बत्ती कनेक्शन धारकों की संख्या में तो 40 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2000 में जहां केवल 525 उपभोक्ता थे, अब उनकी संख्या 21 हजार 26 हो चुकी है। ट्रांसफॉर्मरों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। वर्ष 2000 में 325 ट्रांसफॉर्मर थे, जो अब 1 हजार 988 हो गए हैं। जिले में 132/33 केव्ही सब स्टेशन वर्ष 2000 में एक भी नहीं था, जबकि अब एक सब स्टेशन स्थापित हो चुका है। इसी प्रकार 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या 2 से बढ़कर 10 हो गई है।

### 26 को मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# सूर्य मंदिर का सपना साकार, छठ घाट में कलश यात्रा का शुभारंभ



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित सूर्य मंदिर का सपना अब साकार होने जा रहा है।

वर्षों से स्थानीय नागरिकों की मांग वर्तमान भाजपा शासनकाल में पूरी हो रही है। यह मंदिर न केवल चरचा का, बल्कि पूरा सरगुजा संभाग का एकमात्र भव्य सूर्य मंदिर होगा।

मंदिर का निर्माण स्थानीय छठ घाट में किया जा रहा है, जो स्वयं में एक पवित्र और धार्मिक स्थल है। यह छठ घाट वर्षों से धार्मिक गतिविधियों का केन्द्र रहा हैं, जहां सालभर छठ पर्व, हरितालिका तीज, मकर संक्रांति, कार्तिक पूर्णिमा जैसे अनेक पर्व-त्योहारों का आयोजन होता रहता है। सूर्य मंदिर की स्थापना से यह स्थल और भी अधिक आस्था, अध्यात्म और सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र बन जाएगा। मंदिर निर्माण की शुभारंभ प्रक्रिया के तहत शनिवार को श्री-श्री हनुमान मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में ⏭ शेष पेज 4 पर

MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE

किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ



यूरोलॉजी सेवाएँ
- लेजर से पथरी का इलाज —बिना चीरे
- बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
- पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
- किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
- छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)

नेफ्रोलाजी सेवाएँ
- हेमो डायलिसिस
- पर्माकैथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### भगवान महावीर निर्वाण दिवस के अवसर पर पशुवध गृह रहेंगे बंद

**अम्बिकापुर।** आयुक्त नगर पालिका निगम ने बताया कि स्थानीय शासन विभाग के आदेशानुसार 28 अक्टूबर दिन मंगलवार को भगवान महावीर निर्वाण दिवस के अवसर पर पशुवध गृह बंद रखे जाएंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी विक्रेताओं को सूचित किया है, कि भगवान महावीर निर्वाण दिवस के अवसर पर मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी का वध एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने उपरोक्त तिथि को पशु वध एवं मांस विक्रय न किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### पीएम मोदी के खिलाफ की टिप्पणी शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** विकासखंड बलरामपुर के शासकीय प्राथमिक शाला मक्याठी के सहायक शिक्षक ईश्वरी प्रसाद टंडन द्वारा प्रधानमंत्री के विरुद्ध उनके नाम से अपने फेसबुक पेज पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अशोभनीय टिप्पणी की गई। जो कि छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी अधिकारी-कर्मचारी के सोशल मीडिया के उपयोग संबंधी मार्गदर्शी निर्देश का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। शिक्षक एलबी ईश्वरी प्रसाद टंडन का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम-03 का स्पष्ट उल्लंघन है। शासकीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत जिला शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव ने शिक्षक ईश्वरी प्रसाद टंडन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में ईश्वरी प्रसाद टंडन का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुसमी नियत किया गया है।

### फौती नामांतरण के प्रकरण में देरी पर पटवारी निलंबित

**बलरामपुर।** ऑनलाइन नामांतरण प्रकरण में लेटलतीफी करने और जानबूझकर प्रकरण को लटका कर रखने के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। शिकायत की जांच के बाद कुसमी तहसील के चांदो अंतर्गत आने वाले पटवारी शैलेष कुमार मिंज को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि चांदो शाहपुर निवासी पिलातुस किस्पोट्टा, प्रदीप किस्पोट्टा द्वारा 15 अक्टूबर को कलेक्टर से शिकायत की गई थी कि शाहपुर स्थित खसरा नम्बर 19 की कुल रकबा भूमि 3.181 हेक्टेयर भूमि के नामान्तरण हेतु ऑन लाइन प्रकरण दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में 19 मई को नामान्तरण आदेश पारित किया गया लेकिन पटवारी शैलेष कुमार मिंज द्वार आदेश के अनुपालन में विलंब से अभिलेख दुरुस्ती किया गया एवं डिजिटल हस्ताक्षर लंबित रखा गया। इस प्रकरण की जांच कलेक्टर द्वारा कराई गई और पटवारी को दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए गए लेकिन पटवारी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जांच में पुष्टि हुई कि ऑनलाईन नामांतरण प्रकरण मे विलंब करते हुए लापरवाही बरती गई जो की छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1) (दो), 3-क (ख) एवं 3-क (ग) का उल्लंघन है। इस प्रकरण में एसडीएम कुसमी करुण डहरिया ने द्वारा पटवारी शैलेष मिंज को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर इनका मुख्यालय निर्वाचन शाखा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी में नियत किया गया है।

### एमसीएल के वाहन की टक्कर से सांड घायल

सुंदरगढ। हेमगिरि ब्लॉक अंतर्गत एमसीएल बसुंधरा कार्यालय के पास एक चार पहिया कंपनी वाहन ने एक काले सांड को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना एमसीएल स्टाफ कॉलोनी स्थित स्टेट बैंक के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन को काफी दूर तक पीछा किया गया, लेकिन उसे पकड़ा नहीं जा सका। हादसे में घायल सांड दो दिनों तक सड़क किनारे तड़पता रहा। बाद में कुछ दयालु नागरिकों ने अपने खर्चे पर उसे हेमगिरि पशु चिकित्सा अस्पताल पहुंचाया, जहाँ ब्लॉक बजरंग दल अध्यक्ष पितांबर किशान और उनके सहयोगियों की देखरेख में पशु चिकित्सक श्री नंद ने उसका इलाज प्रारंभ किया।

## हाथियों की मौजूदगी से लोग हर पल जी रहे दहशत के साए में

# 13 हाथियों का दल पहुंचा तारा-जनार्दनपुर मुख्य मार्ग पर, मची अफरा-तफरी



सीतापुर में लौट कर आया 17 हाथियों का दल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार की शाम उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब 13 हाथियों का दल जंगल से निकलकर तारा-जनार्दनपुर मुख्य मार्ग पर पहुंच गया। हाथियों का दल मुख्य मार्ग पार कर दूसरी तरफ जंगल में पहुंचा तो आवागमन सुचारू हुआ।

**खास बात**
- हाथियों के जंगल में जाने पर आवागमन हुआ सुचारू

वन परिक्षेत्र प्रेमनगर अंतर्गत तारा जंगल में लंबे समय से 13 हाथियों का दल भ्रमण कर रहा है। शाम 5 बजे हाथी जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्र की ओर निकलते हैं तथा धान की फसल से अपनी भूख मिटाते हैं। शुक्रवार को शाम 4.30 बजे ही हाथियों का दल जनार्दनपुर जंगल से बाहर निकलकर तारा-जनार्दनपुर मुख्य मार्ग पर पहुंच गया। छोटा रास्ता होने के कारण मार्ग से बड़ी संख्या में सूरजपुर, प्रेमनगर एवं रामानुजनगर के लोग विभिन्न वाहनों से सफर करते हैं। हाथियों के मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। गनीमत थी इस दौरान वनकर्मी मुख्य मार्ग पर ही मौजूद थे तथा हाथियों के मुख्य मार्ग की ओर बढ़ने की सूचना पर पूर्व में ही दोनों ओर वाहनों को रोक दिए थे। हाथियों ने धीमी गति से शावकों के साथ सड़क को पार किया। इस दौरान हाथी सड़क की दूसरी ओर रूके रहे। दल के सभी सदस्यों के पहुंचने पर हाथी जंगल में पहुंचे तो आवागमन सुचारू किया गया। हाथियों के आए दिन मुख्य मार्ग पर पहुंचने से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। वनकर्मी हाथियों की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। हाथी ग्राम जनार्दनपुर, शिवनगर, मेंड्रा, मेटारोली एवं अभयपुर में लगातार धान की फसल को तबाह कर रहे हैं।

### देवगढ़ लौटा 17 हाथियों का दल, सरनापारा में डेरा

सीतापुर। दो दिनों तक देवगढ़ में डेरा जमाने के बाद धरमपुरबी पहुंचा हाथियों का दल धान की फसल को नुकसान पहुंचाने के बाद वापस देवगढ़ पहुंच गया है। 17 हाथियों का दल देवगढ़ के सरनापारा से सटे जंगल में डेरा जमाये हुए हैं। हाथियों द्वारा देवगढ़ को अपना नया ठिकाना बनाने से ग्रामीण काफी दहशत में है। विदित हो विगत सोमवार को हाथियों का 17 सदस्यीय दल ग्राम देवगढ़ पहुंचा था इस दौरान पटेरपानी एवं सरनापारा में दो दिनों तक हाथियों ने धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। दो दिनों के बाद हाथी गुरुवार को अल सुबह ग्राम सोनतराई नेशनल हाईवे से होते हुए मंगरेलगढ़ मांड नदी पार करने के बाद धरमपुर पहुंचे जहां पूरे दिन और आधी रात तक लीपाझरिया में डेरा जमाए हाथियों ने खेत मे लगी धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया। आधी रात के बाद हाथियों का दल धरमपुर से सटे ग्राम ढेलसरा पहुंचा और कुछ देर यहां समय बिताने के बाद देवगढ़ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान रेंजर विजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में वन अमला हाथियों पर नजरे जमाये हुए था। सूचना के माध्यम से लोगों को आगाह करते हुए जंगली हाथियों से दूर रहने की सलाह दी जा रही थी। इस बीच हाथियों का दल ढेलसरा से निकलने के बाद सोनतराई होते हुए अल सुबह देवगढ़ पहुंच गया है। पांच दिनों से नगर से सटे गांवों में विचरण कर रहे जंगली हाथियों का 17 सदस्यीय दल जिस रास्ते से गुजरा वहां लगी धान कि फसल बर्बाद हो गई। फिलहाल हाथी देवगढ़ के सरनापारा में डेरा जमाए हुए है। बड़ी बात यह है कि देवगढ़ में पहली बार हाती एक माह पूर्व आए थे। इस दौरान एक दंतैल के हमले में किसान मोहरलाल पैकरा की मौत हो गई थी। पखवाड़े भर पूर्व देवगढ़ क्षेत्र में 22 हाथियों का दल था जबकि अब 17 हाथियों का दल पहुंचा है और लोगों का कहना है कि घने जंगलों को छोड़कर जंगली हाथी अब देवगढ़ को अपना नया ठिकाना बना रहे है जो भविष्य में देवगढ़ के अलावा सोनतराई बमलाया एवं सीतापुर के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है।

- लोगों में दहशत का माहौल, फसलों को पहुंचाया नुकसान

इस संबंध में रेंजर विजय कुमार तिवारी ने बताया कि ग्राम हाथियों का दल वापस देवगढ़ आ गया है। इन जंगलों में हाथियों के खाने के लिए काफी मात्रा में वनोपज उपलब्ध है। इसके अलावा इधर लोगों का आना जाना कम है इसलिए हाथी खुद को यहां ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं। हाथियों से हुए नुकसान की भरपाई के लिए आंकलन किया जा रहा है।

### 17 हाथियों का दल पहुंचा सोनगरा 40 किसानों की फसल को पहुंचाया नुकसान

सोनगरा। क्षेत्र में 17 हाथियों के दल के पहुंचने से ग्रामीण भयभीत है। इधर हाथियों के दल ने 40 किसानों की फसल को कुचल कर भारी नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग की टीम नुकसान का जायजा लेने के साथ क्षतिपूर्ति के लिए प्रकरण तैयार करने में जुट गई है। बताया जा रहा है 17 हाथियों का दल प्रतापपुर क्षेत्र से तीन दिन पूर्व ही सोनगरा जंगल में पहुंचे है जो अब सकलपुर जंगल में डटे हुए है। इसी बीच हाथियों के दल ने ग्राम खड़गवां, बगड़ा, बंशीपुर, कौरंधा क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया जिसके बाद सोनगरा क्षेत्र दाखिल हुए। हाथियों के दल के सोनगरा क्षेत्र के जंगल में पहुंच जाने से ग्रामीण काफी भयभीत हो गए और रात जाग कर गुजारी। 17 हाथियों के दल ने क्षेत्र के 40 किसानों की धान की फसल को रौंद का भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि वन विभाग की टीम हाथियों के दल नजर रखे हुए है और ग्रामीणों को हाथियों से छेड़छाड़ नहीं करने की समझाई दे रहे है। बताया जा रहा है कि सोनगरा जंगल से निकल कर हाथियों का दल वर्तमान में सकलपुर जंगल में डटे हुए है। इधर वन विभाग की टीम हाथियों से हुए नुकसान का जायजा लेने के साथ मुआवजा प्रकरण तैयार करने में लगी हुई है। वन विभाग की माने तो अब तक 40 किसानों की फसल को नुकसान हुआ है। जिसमें बिदूर, बिहाल, संतोष, घुरन, शिवरतन, रजय सिंह, जुगेश्वर, शविनाथ, फूल साय, राम गुलाब, सबन साय, राम विलास, टेंगसाय सहित अन्य शामिल है।

## मृतकों के राशन कार्ड में अपना नाम जोड़कर उठा रहा था राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड में 87 हजार रुपए के राशन गबन मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। जांच में शिकायत की पुष्टि होने के बाद इस मामले में उचित मूल्य दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। बड़ी बात यह है कि संचालक ने कई मरे हुए राशन कार्ड में अपना नाम जोड़कर लोगों के नाम पर भी राशन का उठाव किया। बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम महुली उचित मूल्य दुकान के संचालक उमा शंकर जायसवाल द्वारा फर्जी तरीके से खाद्यान का उठाव का अनियमितता करने की शिकायत मिली थी।

- जांच में पुष्टि के बाद दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज

एसडीएम नीरनिधि नन्देहा ने बताया कि खाद्य निरीक्षक को जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि संचालक उमा शंकर जायसवाल ने मृतक रामवृक्ष पंडो की मौत के बाद उमाशंकर ने राशन कार्ड में पोते के रूप में अपना नाम गस्त 2024 में जुडवा लिया और आज दिनांक तक राशन का उठाव किया गया। इसके साथ ही उसने मृतिका राधिका के राशनकार्ड में भी सदस्य के रूप में अपना नाम जुडवा लिया और राशन उठाव जनवरी 2024 से कर रहा था। आरोपी मृतक दुलारों के राशन कार्ड में जनवरी 2024 में अपने भाई विशाल जायसवाल को पोता के रूप में जोड़कर राशन उठाता रहा। इस तरह आरोपी उमाशंकर जायसवाल के द्वारा मृतक रामवृक्ष पण्डो, मृतक राधिका, मृतक दुलारो के राशनकार्ड से फर्जी तरीके अपना नाम जोड़कर राशन का उठाव किया गया। उमाशंकर जायसवाल के द्वारा लगभग 19-25 क्विंटल चावल, 55 किलोग्राम शक्कर, 110 किलोग्राम चना खाद्यान्न का फर्जी तरीके से उठाव किया गया है जिसका बाजार मूल्य लगभग 87 हजार 488 रुपए है। ग्राम महुली निवासी उमाशंकर जायसवाल के द्वारा शासकीय उचित मूल्य के दुकान के संचालन में अनियमितता बरती गई। जो छत्तीसगढ़ राज्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय है। जिस पर एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** हत्या की नियत से युवक पर हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही डंडा जब्त किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को घुटरापारा निवासी संजीव जायसवाल को अभिनव टाकिज के समीप अज्ञात कार के चालक ने घेरकर रोका और फिर कार से निकले चालक और उसके साथी ने युवक की बाइक में तोड़फोड़ करने के साथ ही उसके सिर पर डंडे से वार किया। इस हमले में युवक जमीन पर गिर गया जिसके बाद आरोपी भाग निकले। इस मारपीट की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। घायल युवक को परिजन द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि युवक के भाई अंशु कुमार जायसवाल ने पुलिस से घटना की शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने कार क्रमांक जीच 01 ईडी 0706 के आधार पर स्टैंड बैंक गली निवासी 27 वर्षीय प्रथम केशरवानी आ. प्रमोद गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बताया कि घटना दिवस को गाड़ी चलाने को लेकर हुए विवाद में उसने मारपीट की बात स्वीकार की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार, डंडा जब्त करने के साथ ही आरोपी प्रथम केशरवानी को बीएनएस की धारा 296, 351(3),115(2),126(2), 109(1), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही अन्य आरोपी की तलाश जारी है।



## कुएं में डूबने से महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरिमा

खुले कुआं में गिरने से महिला की मौत हो गई। महिला की लाश दूसरे दिन कुएं से बरामद की गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी 40 वर्षीया जगमनिया पति ठुरु नगेसिया 21 अक्टूबर की देर शाम से लापता थी। जब महिला का पति काम करके लौटा तो उसका पता नहीं चल सका। ऐसे में पति और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान 23 अक्टूबर को महिला के पति ने पुलिस को सूचना दी थी कि घर के समीप मौजूद खुले हुए कुआं में महिला की लाश नजर आई है। परिजन ने लाश की पहचान जगमनिया के रूप में की है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से बाहर निकालकर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि पैर फिसलने के कारण महिला कुएं में गिर गई होगी और डूबकर उसकी मौत हो गई।

## घर में जगह देना दंपती को पड़ा महंगा, गहरी नींद में उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरिमा

देर रात दो लोगों को सोने के लिए घर में आने की अनुमति देना बुजुर्ग दम्पति को महंगा पड़ गया। इंसान की शक्ल में हैवान बनकर आए आरोपियों ने भोले भाले दम्पति की अच्छाई का फायदा उठाकर घर में प्रवेश किया और जब पति-पत्नी सो रहे थे तो उन्होंने उनके सिर पर वार कर हत्या कर दी। हैरानी की बात तो यह है कि आरोपियों ने महज एक बकरा के लिए दम्पति की जान ले ली। कुम्हरता में हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने सफलता हासिल की है। महज 24 घंटे के भीतर पुलिस ने हत्यारों को पकड़कर इस अंधे कत्ल का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उन्हें जेल भेज दिया है।

- महज एक बकरा के लिए चाचा भतीजा ने मिलकर की पति-पत्नी की हत्या, 24 घंटे के अन्दर पकड़े गए आरोपी

बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हरता घादी निवासी रिमा लकड़ा और उसकी पत्नी उर्मिला उर्फ जुली लकड़ा का शव घर में बिस्तर पर रक्त रंजित हालत में मिला था। दम्पति के घर का दरवाजे पर बाहर से कुंडी लगी हुई थी। गांव का घुरसाय लकड़ा जब खेत में धान काटने के लिए मजदूरी करने के नाम पर बुजुर्ग दंपति को लेने आया और आवाज लगाई तो कोई आवाज नहीं आई। दरवाजा खोलकर जब वह अंदर गया तो जमीन पर बिछे बिस्तर पर दम्पति का शव खून से सने हालत में पड़ा था। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी बात यह है कि बुजुर्ग दम्पति निःसन्तान थे और अपने छोटे भाई दुहन लकडा आ. रघुवीर लकडा के घर से आधा किमी दूर रहते थे और उनके घर के आस पास कोई घर मौजूद नहीं था। इसके साथ ही घर में जोर जबरजस्ती से घुसने के निशान भी नहीं थे। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस दौरान बकरी चोरी की आशंका पर पुलिस ने संदेह के आधार पर दरिमा पम्पापुर निवासी 42 वर्षीय करीमन मझवार आ. कमल साय और 28 वर्षीय जय श्याम आ. लखन राम मझवार को घेराबंदी कर हिरासत में लिया तो आरोपियों ने बकरी चोरी करने के साथ ही बुजुर्ग दंपति की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा राजेश खलखो, उनि सत्येंद्र सिंह, सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक मनीष सिंह, अशोक यादव, रमेश राजवाड़े, समयलाल केरकेट्टा, बन्दे केरकेट्टा, मनोहर कुमार, अशोक कुजूर, शेरशाह मिंज, सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### गांव में बेच दिया चोरी के बकरे का मांस

पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई कि आरोपी सो रहे पति पत्नी की हत्या करने के बाद घर में मौजूद एक बकरा को टांगी से मारकर कंधे पर रख लिया और हाथ में टांगी लेकर घर से निकल गए। देर रात दो बजे वे ग्राम कुम्हरता धटीलड़ाड़ में रहने वाले शंकर मझवार के घर पहुंचे और उसके घर का दरवाजा खुलवाया। इस बात से अनजान शंकर मझवार कि दोनों हत्या करने के बाद चोरी का बकरा लेकर उसके घर आए है ग्रामीण ने उन्हें अपने घर में आने दिया और वे रातभर वहीं सोए। शुक्रवार की सुबह सुभ उन्होंने बकरा का मांस खाया और कुछ बचे हुए मांस को गांव में ही बेच दिया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त दो नग टांगी को जब्त किया है।

### इस तरह दिया वारदात को अंजाम

पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि 22 अक्टूबर की रात आरोपी करीमन मझवार ने अपने भतीजा जय श्याम मझवार से कहा कि ग्राम कुम्हरता घाघी में रहने वाले परिचित रिमा लकड़ा के घर में बहुत से बकरा बकरी है। करीमन ने भतीजे को बकरी चुराकर लेन को कहा जिसके बाद दोनों देर रात 11 बजे रिमा लकडा के घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। जब रिमा ने दरवाजा खोला तो दोनों ने घर में सोने के लिए जगह मांगी ऐसे में भोले भाले ग्रामीण ने उन्हें सोने के लिए कमरे में जगह दे दी और पति-पत्नी खुद भी अपने बिस्तर पर सो गए। देर रात आरोपी बकरा चोरी करने की नियत से उठे और घर में रखे कुल्हाड़ी के पारा से जय श्याम मझवार ने महिला उर्मिला उर्फ जुली जबकि दूसरे कुल्हाड़ी से करीमन ने रिमा लकडा के सिर पर वार कर हत्या कर दी। हैवान बनकर आए आरोपियों ने सोते समय दम्पति को मौत के घाट उतारा दिया।

### पहले से था आना जाना

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी करीमन का मृतक रिमा लकड़ा से पहले से जान पहचान थी। करीमन अक्सर उसके घर आता था। दीपावली और उसके दूसरे दिन भी आरोपी करीमन मृतक के घर आया था। करीमन आदतन शराबी था और मांगकर खाना पीना करता था। 22 अक्टूबर को उसने देवार से बकरी मांगा था और उसे महज 500 रुपए में बेचकर दारू पी लिया था। आरोपियों ने अपने खाने पीने की जरूरत पूरी करने के लिए बुजुर्ग को सोते समय मौत के घाट उतार दिया है।

### 150वीं जयंती पर कार्यक्रम की रूपरेखा तय, पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ सरगुजा में देंगे उद्बोधन

## लौह पुरुष की जयंती पर सरगुजा में निकलेगी यूनिटी मार्च : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी यूनिटी मार्च का आयोजन करने जा रही है। 13 नवम्बर को अंबिकापुर और लुंड्रा विधानसभा से ही इस मार्च की शुरुआत होगी। लोकसभा स्तरीय कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान धरमलाल कौशिक ने कहा कि सांसद चिंतामणि महाराज के नेतृत्व में लोकसभा स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आठों विधानसभा क्षेत्रों में समाज के विभिन्न वर्गों के साथ भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी पदयात्रा करेंगे। इस दौरान स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, विद्यालयों की सफाई तथा नाटक और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। श्री कौशिक ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति से 565 रियासतों का शांतिपूर्ण विलय कर भारत को एक सूत्र में पिरोया, यही संदेश समाज तक पहुंचाना इस अभियान का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि 13 नवंबर को अंबिकापुर से प्रारंभ यह यात्रा 17 नवंबर को भटगांव में समापन होगा। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रवादी विचारक एवं प्रख्यात वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का 12 नवंबर को अंबिकापुर में आगमन होगा जहां वे सरदार पटेल के व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विशेष उद्बोधन देंगे। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक नेता नहीं, बल्कि भारत के एकीकरण के आधारस्तंभ थे। इसके पूर्व कार्यक्रम की रूप रेखा तय करने के लिए सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले की संयुक्त बैठक ली गई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक उद्धश्वरी पैकरा, विधायक शकुंतला पोर्ते, विधायक भुलन सिंह मरावी, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, अम्बिकेश केशरी, विनोद हर्ष, अरुणा सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



## यूरिया की कालाबाजारी पर विजय ट्रेडिंग कंपनी की अनुज्ञप्ति निरस्त

**अम्बिकापुर।** यूरिया की कालाबाजारी के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। 4 हजार 65 बोरी यूरिया की कालाबाजारी की पुष्टि होने के बाद संचालक का लाइसेंस निरस्त किया गया है। इसके साथ ही 20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

उप संचालक कृषि अम्बिकापुर के अनुसार खरसिया रोड नवागढ़ स्थित मेसर्स विजय ट्रेडिंग कंपनी में यूरिया की कालाबाजारी की शिकायत पर छापेमारी की कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के दौरान यह बात सामने आई कि अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच 95 किसानों को 4743 बोरी यूरिया प्रदाय दिखाया गया था जबकि भौतिक सत्यापन में मात्र 678 बोरी ही किसानों द्वारा खरीदी गई पाई गई और शेष 4065 बोरी यूरिया की बिक्री का कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे कालाबाजारी की पुष्टि हुई। अतः विजय ट्रेडिंग कंपनी का यह कृत्य उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत गंभीर उल्लंघन है। उप संचालक कृषि अम्बिकापुर को निर्देशित किया गया है कि 15 दिवस के भीतर अर्थदंड की वसूली कर राशि शासन के मद में जमा कराएं तथा 7 दिवस के भीतर कंपनी की उर्वरक अनुज्ञप्ति निरस्त करने की प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में अनावेदक या उसके परिवार के किसी सदस्य के नाम पर नई अनुज्ञप्ति जारी न की जाए।



## सनी की 2026 में रिलीज होंगी कई धमाकेदार फिल्में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के एक्शन हीरो सनी देओल के फैंस के लिए साल 2025 बहुत खास रहा। इस साल उनकी फिल्म 'जाट' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। 'जाट' को दर्शकों ने बहुत पसंद किया और यह 2025 की हिट फिल्मों में से एक बनी। हमेशा से ही सनी देओल की दमदार एक्टिंग, डायलॉग्स और एक्शन सींस ने सबको प्रभावित किया। इस सफलता से सनी देओल का कॅरियर फिर से चमक उठा, जैसे उनकी पुरानी हिट फिल्में 'गदर' और 'बॉर्डर' की याद आ गई। लेकिन, असली मजा तो 2026 में आने वाला है। सनी देओल की कई बड़ी फिल्में गबरू, बॉर्डर 2, लाहौर 1947 और रामायण पार्ट 1 साल 2026 में रिलीज होने वाली हैं, जो फैंस को एक्शन, ड्रामा और इमोशन का पूरा पैकेज देंगी।

लाइफ Style

# तापसी
## डोसा खाते हुए पढ़ी अपनी अफवाह

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से अभिनेत्री तापसी पन्नू को लेकर खबर आ रही थी कि वो भारत छोड़कर पति के साथ डेनमार्क में शिफ्ट हो गई हैं। कहा जा रहा था कि उन्होंने भारत छोड़कर अपने पति और बैडमिंटन खिलाड़ी मैथियास बोए के साथ डेनमार्क में स्थायी रूप से बसने का फैसला कर लिया है। लेकिन, अब खुद तापसी ने इन खबरों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। तापसी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साफ किया कि उनका ऐसा कोई प्लान नहीं है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- 'क्या इससे कम झूठी और कम सनसनीखेज हेडलाइन नहीं मिल सकती थी? जरा रिसर्च कर लिया करो, इतनी जल्दी क्या है!'

तापसी ने फेक रूमर्स फैलाने वालों को आड़े हाथों लिया और फैंस को बताया कि वो मुंबई में हैं। तापसी ने पोस्ट में साफ किया कि वह फिलहाल मुंबई में अपने घर पर हैं। उन्होंने मजाकिया लहजे में लिखा- 'इस उमस भरी मुंबई की सुबह में डोसा खाते हुए सोच रही हूं कि ये सब आखिर है क्या!' उनकी यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फैन्स ने भी इस पर जमकर रिएक्शन देना शुरू कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में तापसी ने अपने डेनमार्क वाले घर के बारे में भी खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने घर में भारतीय पारिवारिक परंपरा को जिंदा रखा है। उन्होंने कहा था, 'मैथियास के माता-पिता हमारे साथ ही रहते हैं, उनका अपना फ्लोर है। डेनिश संस्कृति में ये आम बात नहीं है, लेकिन मुझे लगा कि परिवार के साथ रहना ही घर को घर बनाता है।' तापसी ने आगे बताया कि वह काम के हिसाब से भारत और डेनमार्क के बीच समय बांटती हैं- 'ज़्यादातर शूटिंग्स सर्दियों में होती हैं, इसलिए मैं उस वक्त भारत में रहती हूं। जब भारत में गर्मी या बारिश होती है, तब हम डेनमार्क चले जाते हैं। इस तरह दोनों देशों के मौसम और काम के बीच तालमेल बन जाता है।' काम के मोर्चे पर तापसी जल्द ही 'गांधारी में दिखाई देंगी, जो एक इंटेंस रिवेंज ड्रामा है।



हॉलीवुड मसाला



## 9-1-1: नैशविले में आई थीं नजर

**नई दिल्ली।** '9-1-1: नैशविले' फेम एक्ट्रेस इसाबेल टेट का 23 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके अचानक निधन से हॉलीवुड और उनके फैंस में शोक की लहर दौड़ गई है। इसाबेल टेट ने 19 अक्टूबर को अपने घर में अंतिम सांस ली। उनकी टैलेंट एजेंसी मैक्रे एजेंसी ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की है। इसाबेल टेट की मौत का कारण शार्कोट-मैरी-टूथ रोग से जुड़ी जटिलताओं को बताया गया है। यह एक रेयर न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है जो मांसपेशियों को कंट्रोल करने वाली नसों को अफेक्ट करती है। इसाबेल को यह न्यूरोमस्कुलर बीमारी मात्र 13 साल की उम्र में पता चली थी। इस बीमारी के कारण धीरे-धीरे उनकी टांगों की मांसपेशियां कमजोर होती गईं।




## स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का फाइनल एपिसोड जल्द होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के सीजन 5 की रिलीज का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है। तो 'स्ट्रेंजर थिंग्स' को चाहने वाले सभी फैंस का इंतजार हुआ खत्म, क्योंकि जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है 'स्ट्रेंजर थिंग्स'। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का बहुप्रतीक्षित पांचवां और फाइनल सीजन अगले महीने रिलीज होगा। प्रशंसक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीजन का आखिरी एपिसोड, जिसका नाम 'द राइटसाइड अप' है, लगभग दो घंटे लंबा होगा। यह एपिसोड 1 जनवरी, 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के साथ-साथ 350 से ज्यादा सिनेमाघरों में भी दिखाया जाएगा। सिनेमाघरों की लिस्ट अभी घोषित नहीं की गई है। यह शो छह बच्चों की कहानी पर आधारित है, जो हॉकिन्स शहर और पूरी दुनिया को बचाने के लिए वेक्ना नामक खतरनाक दुश्मन से लड़ते हैं। 2022 में, शो के निर्माता ने सोशल मीडिया के जरिए घोषणा की थी कि पांचवां सीजन शो का आखिरी सीजन होगा। उन्होंने बताया, 'सात साल पहले हमने इस कहानी की पूरी योजना बनाई थी। हमें लगा था कि यह चार या पांच सीजन में पूरी होगी।



## आमिर को अभिनव ने बताया चालाक लोमड़ी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में विवादों के साथ आजकल फिल्ममेकर अभिनव कश्यप का नाम खूब जुड़ रहा है। आमिर खान के साथ अभिनव कश्यप ने एक ऐड फिल्म में साथ काम किया था। जब अभिनव से आमिर के साथ काम किए जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कुछ ऐसा कहा कि हर तरफ अफरा तफरी मच गई। अभिनव ने आमिर को लेकर कहा है कि, वो मैनिपुलेटिव और कंट्रोलिंग हैं। अभिनव कश्यप का कहना है कि भले ही आमिर खान को बॉलीवुड का मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहा जाता हो, लेकिन उनके साथ काम करना आसान नहीं है। आमिर को लेकर अभिनव ने कहा, 'वो सबसे चालाक लोमड़ी है बटला। वो सलमान से भी छोटा है हाइट में, लेकिन क्या मैनिपुलेटिव आदमी है और तो और वो सबसे शातिर चोर है। मैंने आमिर के साथ 2-3 विज्ञापन किए हैं।



## स्पिरिट के ऑडियो टीजर में चला आवाज का जादू

**मुंबई।** एनिमल के बाद संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बन रही फिल्म स्पिरिट का इंतजार हो रहा है। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आ रहे हैं। अब प्रभास के जन्मदिन के मौके पर फिल्म का पहला ऑडियो टीज़र रिलीज किया गया है। एक्टर की आवाज भर सुनकर फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। ऑडियो में एक कैदी की बात होती और फिर प्रभास की दमदार आवाज हैरान कर देती है। फिल्म की पहली झलक का इंतजार बढ़ गया है। संदीप रेड्डी वांगा ने कबीर सिंह और एनिमल जैसी सुपरहिट फिल्में डायरेक्ट की हैं, इस बार प्रभास के साथ एक साउंड स्टोरी लेकर आए हैं। एक मिनट के ऑडियो टीज़र में जेलर और उसका असिस्टेंट एक एक्स-कॉप से पूछताछ करते सुनाई देते हैं। इसी दौरान प्रभास की भारी और दमदार आवाज़ सुनाई देती है, सर बचपन से मेरी एक बुरी आदत रही है।

टीवी मसाला



## 1 करोड़ के सवाल का दिया गलत जवाब बिग बी बोले-आज हमको नींद नहीं आएगी

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 23 अक्टूबर की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट रचित के साथ हुई। वे शानदार खेल दिखाकर 1 करोड़ रुपए के सवाल तक पहुंचे, लेकिन जवाब पर संशय होने के बावजूद खेल खेला। वे 1 करोड़ रुपए का गलत जवाब देकर सीधा 5 लाख रुपए के अमाउंट पर पहुंचे, तो अमिताभ बच्चन ने आखिर में कहा, 'आज हमको नींद नहीं आएगी। कंटेस्टेंट से अमिताभ बच्चन ने जो 50 लाख का सवाल पूछा था, वह केमिस्ट्री से जुड़ा था। सवाल है- 'इनमें से किस खनिज का नाम फ्रांस के एक गांव के नाम पर पड़ा है, जहां यह पहली बार खोजा गया था?' विकल्प हैं- अ. मैग्नेटाइट, ब. एप्समाइट, स. बॉक्साइट, द. डैन्बराइट। उन्होंने विकल्प स. बॉक्साइट को लॉक करने को कहा, जो सही साबित हुआ। उन्होंने 1 करोड़ रुपए के सवाल का सामना किया। सवाल है- अब तक का सबसे गहरा पानी के अंदर बचाव 1973 में हुआ था, जिसमें लगभग आधा किलोमीटर पानी के भीतर किस पनडुब्बी में फंसे दो लोगों को बचाया गया था? विकल्प हैं- अ. कोन्सुल, ब. पाइसेस 3, स. डीएसबी-2 एल्विन, द. नेप्च्यून 4। कंटेस्टेंट ने 1 करोड़ के सवाल पर लाइफ लाइन 50-50 का इस्तेमाल किया। दो गलत जवाब हटा दिए गए और ब. पाइसेस 3 और द. नेप्च्यून 4 रहने दिए। काफी सोचने-विचारने के बाद कंटेस्टेंट रचित ने विकल्प डी. नेप्च्यून को चुना, तो उनकी पत्नी हैरान रह गईं। अमिताभ बच्चन ने उनसे कहा, 'मान्यवर अगर आप क्विट कर जाते तो अच्छा होता, यह गलत उत्तर है।

### बिग बॉस 19 : मृदुल बने घर के नए कैप्टन

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में आए दिन रोमांच बढ़ता जा रहा है। अब प्रतियोगियों को नेहल के बाद एक नया कैप्टन मिल गया है। ये देखना दिलचस्प होगा कि ये नया कैप्टन घरवालों के लिए कैसा साबित होता है। बिग बॉस 19 में इस समय नए कैप्टन को लेकर जंग हो रही है। आए दिन नए-नए टास्क दिए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मृदुल तिवारी अब घर के नए कैप्टन बन गए हैं। यानी कि प्रतियोगियों की कमान अब मृदुल के हाथ में होगी। इस खबर के सामने आते ही यूजर्स की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने कहा, 'तथाकथित सकारात्मक समूह ने गौरव खन्ना को वोट नहीं दिया, 'बसीर और अमाल ने एक दूसरे को वोट दिया, लेकिन अमाल बसीर को दोस्त बताकर ही कहानी फैलाई गई।' वहीं दूसरे यूजर ने कहा कि मृदुल क्यों। इसके अलावा अन्य यूजर्स भी इस फैसले से हैरान हैं।



## ओटीटी पर थ्रिलर-सस्पेंस और पौराणिक कहानियों ने दी दस्तक

**मुंबई।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन का बड़ा धमाका देखने को मिलेगा। इस वीकेंड दर्शकों के लिए ऐसी कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज हो रही हैं, जो हर स्वाद के दर्शकों के लिए कुछ खास लेकर आई हैं- चाहे वो रोमांस पसंद करने वाले हों, या पौराणिक कथाओं के दीवाने। इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और जी5 जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स पर कई चर्चित रिलीज एक साथ टकरा रही हैं।

### दे कॉल हिम ओजी

तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण की एक्शन थ्रिलर 'दे कॉल हिम ओजी' इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हो रही है। फिल्म में इमरान हाशमी और प्रियंका मोहन भी अहम किरदार निभा रहे हैं। कहानी ओजस गम्भीरा नाम के पूर्व गैंगस्टर की है, जो दस साल बाद मुंबई लौटता है अपने पुराने दोस्त से बदला लेने। डायरेक्टर सुजीत ने फिल्म को एक स्टाइलिश एक्शन टच दिया है, जिसमें दोस्ती, धोखा और बदले की एक मजबूत कहानी बुनी गई है।



### परम सुंदरी

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' अमेजन प्राइम वीडियो पर 24 अक्टूबर को रिलीज हो चुकी है। यह एक हल्की-फुल्की रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जो उत्तर भारत के एक बिजनेसमैन और केरल की एक महिला की कहानी दिखाती है। दोनों की संस्कृतियों, सोच और जीवनशैली के टकराव में पनपता प्यार दर्शकों को भावनाओं के साथ खूब हंसी भी देगा।

### महाभारतः एक धर्मयुद्ध

जियोहॉटस्टार पर आने वाली 'महाभारतः एक धर्मयुद्ध' को भारत की पहली एआई-जनरेटेड सीरीज कहा जा रहा है। बिना किसी लाइव कास्ट के बनाई गई इस एनिमेटेड सीरीज में कुरुक्षेत्र के युद्ध को एक नए दृष्टिकोण से दिखाया गया है। इसमें युद्ध के बाद के परिणामों और पात्रों की मानसिक स्थिति को भी गहराई से दिखाया गया है। यह सीरीज जियोहॉटस्टार पर 25 अक्टूबर 2025 से स्ट्रीमिंग शुरू होगी।

### कुरुक्षेत्र पार्ट 2

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही 'कुरुक्षेत्र पार्ट 2' एनिमेशन और पौराणिक कथाओं का शानदार संगम है। इसे अनु सिक्का ने बनाया है। इस सीरीज में 18 योद्धाओं की नजरों से युद्ध की कहानी कही गई है — अर्जुन की उलझन, भीष्म की विवेकशीलता, और द्रौपदी का साहस। यह सीरीज दर्शकों को महाभारत के भावनात्मक पहलुओं से जोड़ती है। यह सीरीज आज यानी 24 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

## ये खलनायक 61 बार बना था नारद मुनि

**नई दिल्ली।** जरूरी नहीं कलाकार लीड रोल में ही चमके, कुछ चंद स्क्रीन टाइम में भी अपनी अलग छाप छोड़ ही देते हैं। एक्टर जीवन भी उन्हीं चुनिंदा बेहतरीन कलाकारों में थे जो अपने छोटे से रोल में भी जान डाल देते थे। जीवन का असली नाम ओमकार नाथ धर था। इंडस्ट्री में आने के बाद उन्होंने अपना नाम जीवन कर लिया था। कश्मीर के एक अमीर परिवार से ताल्लुक रखने वाले अभिनेता जीवन बचपन से ही अभिनेता बनना चाहते थे, लेकिन उस दौर में अभिनय को कोई अच्छा पेशा नहीं माना जाता था। मगर वह अपने सपनों के लिए अडिग थे। ऐसे में उन्होंने अभिनय की राह चुनने के लिए 18 साल की उम्र में घर से भागकर मुंबई आने का फैसला किया।



### बेटे भी अभिनय में हैं एकदम आगे

जीवन की तरह उनके बेटे ने भी बॉलीवुड में नाम किया है। जीवन के बेटे किरण कुमार हैं जिन्होंने साल 1960 में लव इन शिमला से अपना करियर शुरू किया था। वह रईस, कुलवधू, तेजाब, सीआईडी, पत्थर के फूल, खुदा गवाह, विश्वात्मा, अधर्म, धड़कन, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता, मोक्ष जैसी फिल्मों में काम किया है। आखिरी बार उन्हें बॉलीवुड मूवी खेल खेल में देखा गया था।

### 200 से ज्यादा फिल्मों में किए काम

जब जीवन मुंबई आए, तब उन्होंने मोहन सिन्हा के स्टूडियो में रिफ्लेक्टर ब्वॉय का काम किया था। यहीं से उन्हें अपनी पहली फिल्म मिली। उनकी पहली फिल्म फैशनेबल इंडिया है। आपको जानकर हैरानी होगी कि 200 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके जीवन ने सिर्फ 61 फिल्मों में नारद मुनि का किरदार निभाया था। साल 1950 में त्रिलोक कपूर और निरुपा रॉय स्टारर हर हर महादेव में नारद मुनी के रूप में जीवन पॉपुलर हो गए थे। नारद मुनि के अलावा वह खलनायक के रूप में भी कामयाब रहे। उन्होंने अमर अकबर एंथनी, धरम वीर, मेला, अफसाना, आबरू, हीर रांझा, धर्मात्मा, लावारिस जैसी फिल्मों में काम किया।

### पीयूष ने रचनात्मकता, सरलता और भारतीयता के रंगों से गढ़ी नई परिभाषा

## हमारा बजाज से लेकर फेविकोल के जोड़ तक, यूं बदला एड जगत का चेहरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'शरमा के दुल्हन जो ब्याह के आईं..', पीयूष पांडे का वो एड जिसके अमिताभ भी थे कायल। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने साल 2019 में पीयूष पांडे के काम की सराहना करते हुए एक्स पर पोस्ट किया था। ऐसे ही कई यादगार एड के लिए पीयूष को जाना जाता था। पीयूष अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने अपनी रचनात्मकता, सरलता और भारतीयता के रंगों से नई परिभाषा गढ़ी।

### कौन थे पीयूष पांडे?

जयपुर में 1955 में जन्मे पीयूष पांडे नौ भाई-बहनों में से एक थे। उनके परिवार में कला और सृजन की परंपरा रही। बहन ईला अरुण ने गायकी और अभिनय में नाम कमाया, तो भाई प्रसून पांडे ने निर्देशन की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में भी हिस्सा लिया था। क्रिकेटर, चाय बागान में कामगार और मजदूर के रूप में जीवन के अलग-अलग रंग देखने के बाद उन्होंने 27 साल की उम्र में विज्ञापन जगत में कदम रखा। तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह युवक एक दिन भारतीय एड वर्ल्ड का चेहरा बन जाएगा। उनकी शादी नीता पांडे से हुई।

### मिले सुर मेरा तुम्हारा राष्ट्रीय एकता का स्वर

विज्ञापन से परे, उन्होंने ऐसे अभियानों में भी अहम भूमिका निभाई जो भारत की एकता और विविधता को दर्शाते हैं। 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' उनके दिल के बेहद करीब था। यह गीत केवल एक कैम्पेन नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव था जिसने भारत को एक सूत्र में बांध दिया।



### भारतीयता की छाप

पीयूष पांडे की खासियत थी कि उन्होंने भारतीय उपभोक्ताओं की भावनाओं को बेहद सादगी से पकड़ा। फेविकोल का 'अटूट बंधन' हो या कैडबरी का 'कुछ खास है', एशियन पेंट्स का 'हर खुशी में रंग लाए' हो या हच का प्यारा 'गुगली वूगली वूस', हर विज्ञापन में उन्होंने देसी मिट्टी की खुशबू डाली। यही कारण है कि उनके कैंपेन सिर्फ विज्ञापन नहीं, बल्कि संस्कृति के प्रतीक बन गए।

### राजनीति और प्रचार की नई भाषा

2014 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने भारतीय राजनीति में भी विज्ञापन की नई भाषा दी- 'अबकी बार, मोदी सरकार।' यह नारा उस दौर का सबसे चर्चित राजनीतिक स्लोगन बना, जिसने चुनावी अभियानों की दिशा ही बदल दी। पीयूष पांडे ने साबित किया कि विज्ञापन सिर्फ उत्पादों को नहीं, विचारों को भी जन-जन तक पहुंचा सकता है।

### सम्मान और उपलब्धियां

उनके योगदान को अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें पद्मश्री (2016), क्लियो लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2012), एडवर्टाइजिंग एजेंसिज एसोसिएशन ऑफ इंडिया लाइफटाइम अचीवमेंट (2010), एलआईए लीजेंड अवार्ड (2024) जैसे अवॉर्ड्स मिले हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपनी रचनात्मक यात्रा और अनुभवों को 'पांडेमोनियम' नाम की पुस्तक में शब्दों का रूप दिया, जो विज्ञापन जगत के छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसके अलावा उन्होंने साल 2022 में 'ओपन हाउस विद पीयूष पांडे' नाम से भी एक पुस्तक लिखी थी।

### अमिताभ ने की थी तारीफ

साल 2019 में बिग बी ने पीयूष के फेविकॉल वाले एड की तारीफ करते हुए एक्स पर पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था- 'पांडे ब्रदर्स की शानदार सोच पीयूष और प्रसून... बहुत बढ़िया पीयूष जी बिल्कुल मौलिक और दिल को छू जाने वाला...कोई आश्चर्य नहीं कि आप वर्ल्ड चैंपियन हैं !!'

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों की आयु गणना के लिए नवीन निर्देश

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजनांतर्गत श्रमिक की आयु गणना के लिए श्रम विभाग द्वारा नवीन निर्देश जारी किए गए हैं। अब आयु गणना के लिए आधार कार्ड के आधार पर शब्द विलोपित किया गया है। आयु के प्रमाण के लिए परीक्षा लेने वाले बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र या अंकसूची या उस अंतिम विद्यालय द्वारा, जिसमें उसने अध्ययन किया, जारी किया गया विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। इसी तरह जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार से प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत या मुख्य नगरपालिका अधिकारी से प्रमाण पत्र मान्य होगा।

### सिन्दूर नदी छठ घाट पर तैयारियां जोरों पर



बलरामपुर। चार दिनों तक चलने वाले महापर्व छठ को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस दौरान जिला मुख्यालय के सिंदूर नदी घाट सहित अन्य छठ घाटों में साफ सफाई और सजावट का कारोबार चल रहा है। छठ महापर्व को भव्य बनाने के लिए पिछले एक सप्ताह से सिंदूर नदी घाट की साफ सफाई और घाट को सजाया जा रहा है। छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए यहां पुल की रेलिंग आदि की पुताई व रंग रोगन का काम चल रहा है। अत्यधिक भीड़ एवं ट्रैफिक से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यातायात विभाग द्वारा खाली स्थान की साफ सफाई और दो पहिया, चार पहिया एवं भारी वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। प्रतिवर्ष की भर्ती इस वर्ष भी सिंदूर नदी घाट पर काशी से आए हुए ब्राह्मण के द्वारा सायंकालीन और प्रातः कालीन गंगा आरती घाट प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा छठ पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा जागरण और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### पिता ने काम करने कहा तो बेटा ने उतारा मौत के घाट

**कुसमी।** काम करने की बात को लेकर हुए विवाद पर बेटा ने न सिर्फ पिता के साथ मारपीट किया बल्कि बेदम पिटाई कर मौत के घाट उतार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रेहड़ा निवासी पतेश्वर नाग 22 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे शराब के नशे में घर में था।

### डोर लेबल तक हुए निर्माण के बाद काम हुआ बंद

# पुहपुटरा का निर्माणाधीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन बनने से पहले ही हो गया खंडहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले और शिक्षा को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक पाठशाला से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल के जर्जर हो चु के विद्यालय की मरम्मत के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर उन्नयन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत पुहपुटरा में सालो पूर्व हायर सेकेंडरी भवन का निर्माण शुरू किया।

**खास बात**
- अतिरिक्त विद्यालय मे हो रहा हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन

निर्माणाधीन भवन का निर्माण डोर लेवल तक होने के बाद काम बंद हो गया और भवन बनने से पूर्व ही निर्माणाधीन भवन खंडहर में तब्दील हो गया। इधर हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन अतिरिक्त जर्जर विद्यालय में संचालन किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि भवन अधूरे होने की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को नहीं दी गई बावजूद इसके किसी प्रकार पहल नहीं करने से निर्माणाधीन भवन की हालत दयनीय हो गई है और आज तक विद्यार्थियों को नया भवन नसीब नहीं हो सका। विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पुहपुटरा में करीब 18 साल पहले 2007-08 सत्र से विधिवत रूप से स्कूल संचालित हो रहा है वहीं 2003 से स्कूल भवन का निर्माण शुरू किया। स्कूल भवन निर्माण के लिए बकायदा टेंडर हुआ और ठेकेदार द्वारा काम शुरू किया यहां तक कि निर्माणाधीन स्कूल भवन की देखरेख के लिए चौकीदार रखा गया। स्कूल भवन के निर्माण होने से स्कूल प्रबंधन सहित बच्चों को अपनी भवन मिलने की आस जगी।

परंतु स्कूल भवन के डोर लेबर तक काम होने के बाद ही ठेकेदार ने काम बंद कर दिया जिसके बाद आज तक निर्माणधीन भवन उसी हालत में पड़ा हुआ है। कई गर्मी व बारिश का मौसम गुजर जाने तथा छत की ढलाई नहीं होने से स्कूल की हालत न सिर्फ जर्जर हो गई बल्कि भवन निर्माण से पूर्व ही खंडहर में तब्दील हो गया है। स्कूल भवन के पूरा नहीं होने पर हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन पास ही स्थित अतिरिक्त जर्जर विद्यालय में संचालित है जहां विद्यार्थियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर स्कूल भवन के काम बंद होने तथा किसी प्रकार की पहल नहीं किए जाने से आने वाले दिनों में निर्माणाधीन भवन की हालत और भी दयनीय हो जाएगी।



खण्डहर में तब्दील निर्माणाधीन स्कूल भवन।

**एग्रीकल्चर विषय के एक भी नहीं शिक्षक**

वर्तमान में स्कूल में कुल 261 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहाँ कक्षा 9 वीं से 12वीं तक की पढ़ाई होती है, जिसमें साइंस और एग्रीकल्चर और आर्ट्स संकाय भी संचालित है। परंतु आश्चर्य की बात यह है कि एग्रीकल्चर विषय में 11वीं व 12 वीं में 22 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, लेकिन एक भी विषय शिक्षक नहीं है। बच्चे स्वअध्ययन और दूसरे शिक्षकों के सहयोग से जैसे तैसे परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। एग्रीकल्चर विषय के एक भी शिक्षक नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को पढ़ने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

**जर्जर भवन में चल रही है पढ़ाई**

निर्माणाधीन स्कूल भवन के पूर्ण नहीं होने पर पास ही अतिरिक्त भवन में स्कूल का संचालन किया जा रहा है। अतिरिक्त स्कूल भवन की मरम्मत नहीं होने से जर्जर हालत में है। ऐसे में बच्चों को जर्जर भवन में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। वर्तमान में लगभग 261 बच्चे अध्ययनरत है जिससे कक्षाओं और स्टाफ के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।

**असामाजिक तत्वों का बना अड्डा**

विद्यालय में बाउंड्री का भी निर्माण नहीं किया गया है जिससे पौधरोपण सहित विद्यालय की अन्य गतिविधि सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। ऐसे में निर्माणाधीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में रात के समय असामाजिक व नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। विद्यालय के आसपास ही शराब की बोतल फेंके हुए आसानी से देखा जा सकता है।

**नहीं मिला है आवेदन**

पुहपुटरा हाई सेकेंडरी स्कूल खंडहर है इस संबंध में स्कूल प्राचार्य से लिखित रिपोर्ट या आवेदन नहीं मिला है। आवेदन प्राप्त होते ही उच्च अधिकारियों तक भेजेंगे। निर्माणाधीन स्कूल भवन व बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. दिनेश कुमार झा, डीईओ



## चंदौरीडांड में यूकेलिप्टस पेड़ों की हो रही अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम संबलपुर के चंदौरीडांड में इन दिनों यूकेलिप्टस पेड़ों की मनमानी कटाई तेजी से की जा रही है, भूमि के बड़े रकबे में पेड़ों के कटने व लकड़ी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली के दृश्य देखकर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है, पर्यावरण संरक्षण की कई बड़ी बातें करने वाले विभागीय अधिकारी इस अवैध कटाई पर आंख मूंदे बैठे हैं,जिससे उनकी कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बीते कई दिनों से बड़ी संख्या में यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटा जा रहा है और यह सिलसिला लगातार जारी है,गांव के पास वनक्षेत्र से जुड़े हिस्सों में लकड़ी माफियाओं की सक्रियता बढ़ी हुई है, पेड़ों की कटाई के बाद ट्रैक्टरों में भरकर लकड़ियां दूसरे प्रांतों में भेजी जा रही हैं,मगर वन विभाग या स्थानीय प्रशासन के किसी भी अधिकारी की मौजूदगी अब तक नहीं देखी गई,ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कई बार सूचना देने के बावजूद किसी ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा नहीं लिया,ग्रामीणों ने कहा कि हमने बार-बार फोन के माध्यम से अधिकारियों को जानकारी दी गई है,ग्रामीणों का मानना है कि यह सिर्फ पेड़ों की कटाई नहीं, बल्कि पर्यावरण के साथ खुला खिलवाड़ है। वे कहते हैं कि एक तरफ सरकार हरियाली बचाने और वृक्षारोपण अभियान चलाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर वन संपदा की इस खुली लूट पर विभाग चुप्पी साधे हुए है,बताया जा रहा है कि यूकेलिप्टस पेड़ मिट्टी से अत्यधिक मात्रा में पानी सोखते हैं, इसलिए इन्हें अनियंत्रित रूप से लगाना और काटना दोनों ही पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील विषय है,लगातार पेड़ों की कटाई से न केवल मिट्टी की नमी घटेगी बल्कि क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन भी बिगड़ सकता है,लोगों का आरोप है कि इस अवैध गतिविधि में विभाग के कुछ कर्मचारी भी मौन सहमति दे रहे हैं।

## बैजनपाठ जंगल में मिला मध्य पाषाण कालीन शैल चित्र लाल रंग में चित्रित है मानव, पशु सहित विभिन्न आकृतियां



हरिभूमि न्यूज : बिहारपुर

ग्राम पंचायत खोहिर के आश्रित ग्राम बैजनपाठ में मध्य पाषाण कालीन शैल चित्र मिलने से क्षेत्र का ऐतिहासिक महत्व बढ़ गया है। यह खोज से स्थानीय इतिहास को नई पहचान मिलेगी हालांकि देखरेख के अभाव में हजारों वर्ष पुराने शैल चित्र अब धुंधले पड़ रहे हैं।

- विशेषज्ञों का मानना है कि यह कला आदिम मनुष्य जीवन शैली व सामाजिक व्यवस्था को

ग्रामीणों के अनुसार बैजनपाठ के अंधियारी छानी गुफा, चोंगो पहाड़ी गुफा, निफार माड़ा गुफा और बघोर गुफा में लाल रंग से बनी चित्रकारी मिली है। इन चित्रों में मनुष्य, जानवर, शिकार के दृश्य सहित अन्य प्रतीकात्मक आकृतियां हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कला आदिम मनुष्य की जीवनशैली, सामाजिक व्यवस्था और धार्मिक विश्वासों को दर्शाती है। शिक्षक मोहरलाल पंडो ने बताया कि निफार माड़ा गुफा में खुदाई के दौरान एक पुराना कंगन मिला है, जो उस समय की धातुकला और आभूषण निर्माण की समझ का संकेत देता है। ग्राम बैजनपाट के एक हिस्से में बरसात का पानी जमीन के भीतर समा जाता है।

यह पानी कहा जाता है इसका पता नहीं लग सका है। यह स्थल वर्षों से ग्रामीणों के लिए कौतूहल का विषय बना है। वैज्ञानिक दृष्टि से इसे भूगर्भीय संरचना या प्राकृतिक भूमिगत जलमार्ग होने की संभावना जताई जा रही है। क्षेत्रवासियों ने इस क्षेत्र का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने की मांग की ताकि शैल चित्रों और अवशेषों का संरक्षण हो सके। इन स्थलों को विकसित करने से बैजनपाठ पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो सकता है।

## मंत्री राजवाड़े ने बैजनाथपुर जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का किया भूमिपूजन

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर जिले के ग्राम बैजनाथपुर स्थित बैजनाथपुर जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य का आज विधिवत भूमिपूजन महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने किया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की खुशहाली और सिंचाई संसाधनों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। बैजनाथपुर जलाशय का जीर्णोद्धार क्षेत्र के किसानों को स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित करेगा और कृषि उत्पादन को नई गति देगा।

- 222.79 लाख की लागत से होगा मरम्मत कार्य, ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

सन 1977 में निर्मित यह जलाशय अब लगभग 48 वर्ष पुराना है। यह जलाशय लंबे समय से क्षेत्र के किसानों को खरीफ फसल के लिए सिंचाई सुविधा प्रदान करता रहा है। बांध की कुल लंबाई 855 मीटर है तथा इसकी जल भराव क्षमता 19.76 मिलियन क्यूबिक फीट है। जलाशय से निकलने वाली 2250 मीटर लंबी नहर के माध्यम से लगभग 182 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती है, जिससे करीब 2600 से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिलता है। प्रदेश सरकार द्वारा इस जलाशय के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य हेतु 222.79 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। कार्य पूर्ण होने पर जलाशय की जल संचयन क्षमता में वृद्धि होगी और सिंचाई व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग के अधिकारी, कृषि विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## उद्घाटन से पहले वाजपेई की प्रतिमा के उड़ गए रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी का कॉलेज चौक के पास में प्रतिमा लगाई गई है लेकिन प्रतिमा का अब तक उद्घाटन नहीं हो पाया है।

हैरानी की बात तो यह है कि लाखों रुपए की लागत से बनी अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा मेटल के बने होने के कारण स्वत ही चमकदार दिखनी चाहिए लेकिन प्रतिमा के पेंट उड़ गए। इधर प्रतिमा बनाने व सप्लाई करने वाले ठेकेदार ने प्रतिमा में उद्घाटन से पूर्व ही पेंट पॉलिश करना शुरू कर दिए है जिससे अब कई प्रकार की सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा टेंडर के माध्यम से अटल परिसर का निर्माण किया गया है। जहां भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा लगाई गई है। मेटल से निर्मित प्रतिमा के रंग कुछ महीने के भीतर ही उड़ गए। इधर क्षेत्र के लोगों ने कई बार और आरोप लगाते रहे हैं कि अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा उनके फोटो के विपरीत है। इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ यूसीफ्रिया एक्का ने बताया कि मूर्ति की साफ सफाई की जा रही है क्योंकि लंबे समय से प्लास्टिक ढकी हुई थी। उन्होंने बताया कि मूर्ति सप्लायर को हमारे द्वारा नोटिस दिया गया, मगर अब तक इस पर कोई पहल नहीं हो सकी।



## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर विधायक ने किया किसान मेला का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय के प्रांगण में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की उपस्थिति में कृषि मंडी कार्यालय द्वारा किसान मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर आयोजित किसान मेला का छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर पुष्प माला नारियल अर्पित कर किया। रजत महोत्सव कार्यक्रम में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा प्रगतिशील किसानों को श्रीफल, साल, नारियल भेंट कर सम्मानित किया। जिसमें 2 किसान कृषि विभाग से 2 किसान उद्यानिकी विभाग से एवं दो किसान पशु चिकित्सालय के किसानों का सम्मान किया गया।

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने पिछले 25 वर्ष की तुलना करते हुए वर्तमान समय के स्वर्णिम सफर की उपलब्धि के बारे में विस्तार से किसानों को बताया। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज,जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, लक्ष्मण सिंह पैकरा, जन्मजय सिंह,उमेश्वर ओझा, केदार गुप्ता, शशि टोप्पो, बालेश्वर नायक, पार्वती सिंह, बिलासो बाई के अलावा वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रिझन एक्का, आरईओ, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ पशु चिकित्सालय विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।



## पृष्ठ 1 का शेष

### शतरंज प्रतियोगिता के...

अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने बताया कि कोरिया जिला शतरंज संघ ने पिछले दो वर्षों में दर्जनभर से अधिक संभागीय प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित की हैं। आने वाले फरवरी माह में बैकुंठपुर में अंतरराष्टीय फिडे रेटिंग टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना है। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को 51 हजार रूपए नकद, मेडल, ट्रॉफी और शिल्ड से सम्मानित किया गया। ये रहे विजेता परिणाम- ओपन वर्ग- सिद्धार्थ अंबष्ट सरगुजा चैंपियन, अजय कुमार गुप्ता कोरिया ,परवेज अंसारी कोरिया, अंडर 17 बालक ईजनांश गुप्ता सरगुजा, अंडर 17 बालिका फरहीन खान कोरिया, अंडर 13 बालक अंशुमन सहाय सरगुजा, अंडर 13 बालिका नव्या सिंह बलरामपुर, अंडर 9 बालक अक्षत राज डांगरे सरगुजा, अंडर 9 बालिका अंशा फातिमा कोरिया, अंडर 7 बालक अहान गुप्ता कोरिया, बेस्ट वेटरन देवेन्द्र कुमार कोरिया, बेस्ट महिला कशिश सिन्हा सरगुजा रही। प्रतियोगिता को सफल बनाने में चीफ आर्बिटर शेष रतन जायसवाल, टूर्नामेंट डायरेक्टर अब्दुल शमीम, शगुफ्ता खानम, आशीष गुप्ता, योगेश गुप्ता सहित कोरिया शतरंज संघ की पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### सूर्य मंदिर का...

सैकड़ों महिला-पुरूष श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच सूर्य भगवान की जय, छठ मैया की जय के जयघोषों से पूरा नगर गूंज उठा। कलश यात्रा व्हीटीसी, नेपाल गेट, अंबेडकर नगर, सुभाष नगर चौक होते हुए छठघाट पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। घाट पहुंचकर विद्वान पंडितों द्वारा वेद-मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर की पांच बार परिक्रमा कर कलशों की स्थापना की। मुख्य यजमान के रूप में प्रदीप तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा तिवारी ने श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपा विश्वकर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सिंह, श्रीमती सीमा सिंह, पार्षद श्रीमती रामकली पाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। रविवार 26 अक्टूबर को मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा। इसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं और संत-महात्माओं के पहुंचने की संभावना है। इस अवसर पर विशेष पूजन, हवन, भजन-कीर्तन और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका प्रशासन द्वारा परिसर में स्वच्छता, सुरक्षा, रोशनी और यातायात व्यवस्था की विशेष तैयारी की जा रही है। वेदों में सूर्यदेव को साक्षात जीवात्मा का साक्षी और समस्त ऊर्जा का स्त्रोत बताया गया है। उनकी उपासना से स्वास्थ्य, समृद्धि, तेज, बल और आत्मबल की प्राप्ति होती है। ऐसा माना जाता है कि सूर्य भगवान के दर्शन और अर्घ्यदान से व्यक्ति के जीवन के रोग, दुःख और अंधकार का नाश होता है तथा सौभाग्य और सफलता की प्राप्ति होती है।

## आमगांव खदान विस्तार प्रभावित 22 लोगों को मिला नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव खदान के विस्तार कार्य को लेकर शुक्रवार को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पटना गांव में बैठक कर लोगों को समझाइश देते हुए 22 प्रभावित लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके बाद अब यहां पर खदान विस्तार का कार्य शुरू होने से प्रबंधन ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत आमगांव खदान के विस्तार के लिए ग्राम पंचायत पटना की लगभग 928 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है,यह भूमि 285 खातेदारों की थी,अधिग्रहण के एवज में 464 लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया है,जिनमें से अब तक 120 लोगों को नौकरी दी जा चुकी है और लगभग 100 मामलों की प्रक्रिया जारी है।इनमें से शुक्रवार को पुनः 22 प्रभावित लोगों को प्रबंधन द्वारा नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र सौंपा गया,भूमि अधिग्रहण के समय 285 भू-स्वामी थे,परंतु मुआवजे के समय यह संख्या बढ़कर 358 हो गई थी,जिनके लिए 81 करोड़ रुपए का मुआवजा तय हुआ था,अब तक 303 भू-स्वामियों को 71 करोड़ रुपए का भुगतान हो चुका है,जबकि 52 परिवारों का मुआवजा पारिवारिक विवादों और दस्तावेजी खामियों के कारण लंबित है,बताया गया कि शुक्रवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह व रामानुजनगर तहसीलदार की उपस्थिति में आयोजित बैठक में ग्रामीणों के साथ लंबी चर्चा कर खदान विस्तार में सहयोग की बात कही गई।

